**D 32557** (Pages : 2) Name.......................................

Reg. No....................................

# FIRST SEMESTER M.A. DEGREE (REGULAR/SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2022

(CBCSS)

Hindi

HIN 1C 01—HISTORY OF HINDI LITERATURE—ANCIENT AND MEDIEVAL PERIOD

(2019 Admission onwards)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

I. किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए (100 शब्दों में) :

1 आदिकाल के वीरगाथा काल नामकरण के औचित्य पर प्रकाश डालिए ।

2 प्रमुख रासो काव्यों का परिचय दीजिए ।

3 कबीरदास के समाज दर्शन का निरूपण कीजिए ।

4 प्रेममार्गी काव्यधारा को मलिक मुहम्मद जायसी की देन को स्पष्ट कीजिए ।

5 हिन्दी कृष्णकाव्य परंपरा में सूरदास का स्थान निर्धारित कीजिए ।

6 मीरा की भक्ति परक रचनाओं का परिचय दीजिए ।

7 रीति काव्य के विविध भेदों का उल्लेख कीजिए ।

(4 × 2 = 8 weightage)

II. किन्हीं चार पर टिप्पणी लिखिए (150 शब्दों में) :

8 पृथ्वीराज रासो ।

9 भक्ति आंदोलन और आलवार भक्त ।

10 विद्यापति की मुख्य रचनाएँ ।

11 नाथ साहित्य

12 तुलसीदास की समन्वयकारी चेतना ।

13 केशवदास का आचार्यत्व ।

14 बिहारी सतसई ।

(4 × 3 = 12 weightage)

Turn over

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (600 शब्दों में) :

15 हिन्दी के आदिकाल की प्रमुख सामाजिक राजनीतिक परिस्थितियों और तत्कालीन साहित्य की मुख्य प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए ।

16 हिन्दी की सूफी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं का विवेचन कीजिए

17 हिन्दी की रामभक्ति काव्यधारा को गोस्वामी तुलसीदास के योगदान का मूल्यांकन कीजिए ।

18 रीतिकालीन काव्य की मुख्य प्रवृत्तियों का समीक्षात्मक परिचय दीजिए ।

(2 × 5 = 10 weightage)

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

**D 32558** (Pages : 2) Name.......................................

Reg. No...................................

# FIRST SEMESTER M.A. DEGREE (REGULAR/SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2022

(CBCSS)

Hindi

HIN 1C 02—ANCIENT AND MEDIEVAL HINDI POETRY

(2019 Admission onwards)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

I. किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए । (100 शब्दों में)

1 सूरदास का वात्सल्य वर्णन ।

2 गुरु के प्रति कबीर का दृष्टिकोण ।

3 बिहारी का सौंदर्य वर्णन ।

4 पद्मावत में हीरामन तोते की भूमिका ।

5 रीतिकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ ।

6 पद्मावती समय में पद्मावती का सौंदर्य वर्णन ।

7 लोकनायक के रूप में तुलसीदास का महत्व ।

(4 × 2 = 8 weightage)

II. किन्हीं चार अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

8 मनहुँ कला ससिभान, कला सोलह सो बन्निय ।
बाल बैस, ससि ता समीप अम्रित रस पिन्निय ।।
बिगसि कमल स्रिग भ्रमर, बैन, षंजन मृग लुट्टिय ।
हीर, कीर अरु बिंब, मोति नष सिष अहिघुट्टिय ।।

9 राम नाम कै पटंतरै देबै कौं कछु नाहिं ।
क्या लै गुरु संतोखिए, हौंस रही मन माहिं ।।

10 नागमती चितउर पंथ हेरा । पिउ जो गए फिरि कीन्ह न फेरा ।।
नागरि नारि काहुं वस परा । तेइं बिमोहि मोसौं चितु हरा ।।
सुवा काल होइ लेंगा पीऊ । पीऊ नहिं लेत लेत बरु जीऊ ।।
भएउ नरायन वावन करा । राज करत वलि राजा छरा ।।

Turn over

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

11 नील सरोरुह स्याम तरुन अरुन बारिज नयन ।
करउ सो मम उर धाम सदा छीरेसागर सयन ।।

12 आजु हो बधायो बाजै नन्द गोपराइ के ।
जेहि घर माधव जनम लिया आइ के ।।
आनंदिन गोपी ग्वाल, बाचै कर दै दै ताल ।
अति अहलाद भयो जसुमनि माइ के ।।

13 अधर धरत हरि कै परत ओठ-डीठि पट जोति ।
हरित बाँस की बाँसुरी इन्द्र धनुष रँग होति ।।

14 कमोदिनी जलहरि बसै, चंदा बसै अकासि ।
जो जाही का भावना, सो ताही के पासि ।।

(4 × 3 = 12 weightage)

III. किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

15 अन्योक्तिकाव्य के रूप में पद्मावत कहाँ तक सार्थक है ? चर्चा कीजिए ।

16 पठित पदों के आधार पर सूरदास की भक्तिभावना का परिचय दीजिए ।

17 रीतिकालीन कवियों में बिहारी का स्थान निर्धारित कीजिए ।

18 संत कबीर की कविताओं की प्रासंगिकता पर अपना विचार व्यक्त कीजिए ।

(2 × 5 = 10 weightage)

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

**D 32558-A** (Pages : 4) Name.......................................

Reg. No....................................

**FIRST SEMESTER M.A. DEGREE (REGULAR/SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2022**

(CBCSS)

Hindi

HIN 1C 02—ANCIENT AND MEDIEVAL HINDI POETRY

(2019 Admission onwards)

[Improvement Candidates need not appear for MCQ Part]

(Multiple Choice Questions for SDE Candidates)

| | | |
|---|---|---|
| **Time : 20 Minutes** | **Total No. of Questions : 20** | **Maximum : 5 Weightage** |

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATE

1. This Question Paper carries Multiple Choice Questions from 1 to 20.
2. The candidate should check that the question paper supplied to him/her contains all the 20 questions in serial order.
3. Each question is provided with choices (A), (B), (C) and (D) having one correct answer. Choose the correct answer and enter it in the main answer-book.
4. The MCQ question paper will be supplied after the completion of the descriptive examination.

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

# HIN 1C 02—ANCIENT AND MEDIEVAL HINDI POETRY

(Multiple Choice Questions for SDE Candidates)

1. 'पृथ्वीराज रासो' के रचयिता का नाम लिखिए ।

   (A) नरपति नाल्ह (B) चन्दबरदाई

   (C) दलपति विजय (D) शालीभद्र सूरि

2. कबीर की रचनाओं का संकलन किस नाम से प्रसिद्ध है ?

   (A) बीजक (B) भ्रमरगीत

   (C) पद्मावत (D) विनयपत्रिका

3. इनमें से पुष्टिमार्ग में दीक्षित कवि थे

   (A) सूरदास (B) तुलसीदास

   (C) जायसी (D) कबीरदास

4. 'पृथ्वीराज रासो' को शुक-शुकी संवाद किसने कहा था ?

   (A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) श्यामसुन्दर दास

   (C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी (D) रामविलास शर्मा

5. कबीर के गुरु कौन है ?

   (A) रामानुजाचार्य (B) राघवानंद

   (C) रामानंद (D) वल्लभाचार्य

6. पद्मावत का पूर्वार्द्ध है :

   (A) कल्पित (B) ऐतिहासिक

   (C) मिश्रित (D) इनमें से कोई नहीं

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

7. बिहारी ने कितने ग्रंथों की रचना की ?

(A) दो (B) तीन

(C) एक (D) चार

8. रीतिकाल में किस भाषा में काव्य रचना अधिक हुई है ?

(A) ब्रजभाषा में (B) बुन्देली में

(C) अवधी में (D) इनमें से कोई नहीं

9. गोपिकाओं के अनुसार उद्धव रूपी व्यापारी ब्रज में क्या लाया है ?

(A) गहने-कपड़े (B) ज्ञान-योग की खेप

(C) मुरली (D) रत्न

10. कबीर की भक्ति कौन सी भक्ति है ?

(A) निर्गुण ज्ञानाश्रयी (B) प्रेमाश्रयी

(C) सगुण राम भक्ति (D) कृष्ण भक्ति

11. जायसी का पद्मावत —————— काव्य है ?

(A) अन्योक्ति (B) समासोक्ति

(C) रूपक काव्य (D) इनमें से कोई नहीं

12. 'आयो घोष बड़ो व्यौपारी' पंक्ति में घोष का क्या अर्थ है ?

(A) मथुरा (B) वृन्दावन

(C) अहीरों की बस्ती (D) इनमें से कोई नहीं

13. आदिकाल में मनोरंजक साहित्य की रचना किसने की ?

(A) चन्दबरदाई (B) विद्यापति

(C) अमीर खुसरो (D) गोरखनाथ

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

Turn over

14. रासक छन्द में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(A) 20. (B) 29.

(C) 25. (D) 24

15. सूरदास का जन्म कब माना जाता है ?

(A) 1378 ई (B) 1478 ई

(C) 1578 ई (D) 1678 ई

16. सत्यनारायण 'कविरत्न' ने भ्रमरगीत परंपरा का कौन सा काव्य ग्रंथ लिखा है ?

(A) उद्धव शतक (B) भंवरगीत

(C) भ्रमरदूत (D) पवनदूत

17. सूरदास ने कृष्ण के किस रूप का चित्रण किया है ?

(A) लोकरक्षक (B) लोकरंजक

(C) योगेश्वर (D) परमब्रह्म

18. इनमें से किस काव्य ग्रंथ में तुलसी ने ब्रजभाषा का प्रयोग किया है ?

(A) विनयपत्रिका (B) कवितावली

(C) गीतावली (D) उपर्युक्त सभी में

19. 'नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास इहि काल ।।' यह पंक्ति किस कवि की हैं ?

(A) बिहारी (B) घनानन्द

(C) पद्माकर (D) सेनापति

20. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने तुलसी के प्रामाणिक ग्रंथों की संख्या कितनी मानी है ?

(A) दस (B) बारह

(C) बाईस (D) आठ

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

**D 32559** (Pages : 2) Name.......................................

Reg. No....................................

## FIRST SEMESTER M.A. DEGREE (REGULAR/SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2022

(CBCSS)

Hindi

HIN 1C 03—NOVEL AND SHORT STORY

(2019 Admission onwards)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

I. किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए : (100 शब्दों में)

1 मेहता के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

2 'पिता' कहानी की विशेषताएँ क्या क्या हैं ?

3 मातादिन को चाँद पर क्यों भेजा जाता है ?

4 'सिक्का बदल गया' की शाहनी के चारित्रिक गुणों पर टिप्पणी कीजिए ।

5 'परिन्दे' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी कीजिए ।

6 'समय सरगम' के ज़रिए कृष्णा सोबती क्या कहना चाहती है ?

7 'मैला आँचल ' शीर्षक कहाँ तक सार्थक है ?

(4 × 2 = 8 weightage)

II. किन्हीं चार अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

8 कौन कहता है कि हम तुम आदमी है ? हममें आदमियत कहाँ ? आदमी वह है जिनके पास धन है, अख्तियार है इलम है ।

9 जब सिर पर पड़ेगी तब मालूम होगा बेटा, अभी जो चाहे कह लो । पहले मैं भी यही सब बातें सोचा करता था पर अब मालूम हुआ कि हमारी गर्दन दूसरों के पैरों के नीचे दबी हुई है, अकड़कर निबाह नहीं हो सकता ।

10 दूसरे लड़कों के बापों ने हाथ पाँव जोड़कर दे दिलाकर जैसे तैसे हासिल कर ली नौकरी और एक हमारा बाप है, जिन्दाबाद मुर्दाबाद करते मुर्दा हो गया ।

11 वह जैसे कुछ भी नहीं देख रहा था । न नीचे की धरती न चारों तरफ फैला हुआ कुहरा, न सामने का तालाब और न बाकी दुनिया । वह बस अपने निकट वर्तमान को देख रहा था ।

12 कभी-कभी मैं सोचता हूँ मिस लतिका, किसी चीज़ को न जानना यदि गलत है तो जान बूझकर न भूल पाना, हमेशा जोंक की तरह उससे चिपटे रहना यह भी गलत है ।

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

Turn over

13 रो रहा है हम अपने नसीब पे । आज हमारा साथ कोई मरद होता, पैसा होता, रोब होता तो पाँच-दस थमा के हमहू इज़्ज़तदार बनल रहता । ऐसे का इज़्ज़त है हमारा ? हम बाज़ारू है ।

14 अगर भाई को बचाना है तो उसे यहाँ से हटाना ही पड़ेगा । जब मैं उसे खिला नहीं सकता तो उसे रखने का मुझे क्या अधिकार ? शेती छोड़कर मेरे पास करने को कुछ नहीं और बैल छोड़कर बेचने को कुछ भी नही. ।

(4 × 3 = 12 weightage)

III. किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (600 शब्दों में)

15 होरी की चरित्रगत विशेषताओं पर पकाश डालिए ।

16 "प्रेमचंद के 'गोदान' के बाद संभवतः पहली बार भारतीय किसान और गाँव की पूरी जिन्दगी का दर्द और कसमसाहट 'फाँस' के ज़रिए सामने आयी है स्थानीय होकर भी वैश्विक, तात्कालिक होकर भी कालातीत ।" समर्थत कीजिए ।

17 'समय सरगम' में सोबतीजी ने वृद्धों की दुनिया का ऐश्वर्यलोक रचने की कोशिश की है ।' समर्थत कीजिए ।

18 'मैला आँचल' की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालिए ।

(2 × 5 =10 weightage)

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

**D 32559-A** (Pages : 4) Name.......................................

Reg. No....................................

**FIRST SEMESTER M.A. DEGREE (REGULAR/SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2022**

(CBCSS)

Hindi

HIN 1C 03—NOVEL AND SHORT STORY

(2019 Admission onwards)

[Improvement Candidates need not appear for MCQ Part]

(Multiple Choice Questions for SDE Candidates)

| Time : 20 Minutes | Total No. of Questions : 20 | Maximum : 5 Weightage |
|---|---|---|

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATE

1. This Question Paper carries Multiple Choice Questions from 1 to 20.
2. The candidate should check that the question paper supplied to him/her contains all the 20 questions in serial order.
3. Each question is provided with choices (A), (B), (C) and (D) having one correct answer. Choose the correct answer and enter it in the main answer-book.
4. The MCQ question paper will be supplied after the completion of the descriptive examination.

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

HIN 1C 03—NOVEL AND SHORT STORY

(Multiple Choice Questions for SDE Candidates)

1. हीरा कौन है ?

(A) होरी का भाई (B) धनिया का भाई

(C) होरी का बेटा (D) गाँव का जमीन्दार

2. होरी की कितनी संतानें हैं ?

(A) दो (B) चार

(C) पाँच (D) तीन

3. पुरवा गाँव का मुखिया कौन था ?

(A) भोला (B) बंशी

(C) भूरा (D) खन्ना

4. भला आदमी वही है जो दूसरों की बहु-बेटी को अपनी बहू-बेटी समझे । जो दुष्ट किसी मेहरिया की ओर ताके, उसे गोली मार देना चाहिए । यह किसका कथन है ? किससे ?

(A) होरी का कथन भोला से (B) राय साहब का कथन होरी से

(C) भोला का कथन होरी से (D) मेहता का कथन गोबर से

5. देख तो लिया दुनिया ने की बड़े बहादुर हो, अब क्या उसे पीस कर पी जाओगे—वक्ता और श्रोता कौन है ?

(A) हीरा-पुनिया (B) होरी-धनिया

(C) होरी-हीरा (D) गोबर-झुनिया

6. 'गोदान भारतीय किसानों का मर्मस्पर्शी, करुण और त्रासद दस्तावेज़ है' । किसका कथन है ?

(A) नगेन्द्र (B) बच्चन सिंह

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) मन्मथनाथ गुप्त

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

7. तुम तो अब तक बड़े बहादुर बने फिरते थे' । फाँस उपन्यास में प्रस्तुत कथन का वक्ता और श्रोता कौन है ?

(A) शकुन

(B) कलावती

(C) शुभा

(D) सिन्धुताई

8. कलावती की बहन कौन है ?

(A) आशा

(B) सरस्वती

(C) रूपा

(D) सिन्धु

9. फाँस उपन्यास में दादाजी कौन है ?

(A) रामजी खोबरागडे

(B) मोहन बाघमारे

(C) सुनील

(D) विजयेन्द्र

10. 'फाँस' उपन्यास में चित्रित गाँव का नाम क्या है ?

(A) मानगाँव

(B) बनगाँव

(C) गोरेगाँव

(D) जलगाँव

11. 'फाँस' उपन्यास में चित्रित पुजारी का नाम क्या है ?

(A) सदाशिव भागवत्

(B) मोहनदास बाघमारे

(C) निरंजन देवगिरी

(D) विजयेन्द्र

12. वह भी केरोसिन छिडकर प्राण त्यागकर देता है—कौन ?

(A) शिबू

(B) माधव

(C) सुनील

(D) आशा

13. ''मैला आँचल'' गोदान के बाद आलोचनात्मक यथार्थवादी परंपरा का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास है' । किसका वचन है ?

(A) गोपाल राय

(B) बचपन सिंह

(C) नगेन्द्र

(D) रामविलास शर्मा

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

14. 'मैला आँचल'' में कुल कितने प्रकरण है ?

(A) 56. (B) 60.

(C) 61. (D) 67.

15. 'समय सरगम' किस समस्या पर आधारित उपन्यास है ?

(A) किसान आत्महत्या की समस्या (B) दलित समस्या

(C) वेश्या समस्या (D) वृद्ध समस्या

16. कामिनी की नौकरानी का नाम क्या है ?

(A) दमयन्ती (B) माधो

(C) खूकू (D) मुन्नु

17. ''परिवार एक गहरी गूंथी इकाई है । उसमें ममता, स्नेह और प्रेम की सीमाएँ नियंत्रित होती है'' । वक्ता कौन है ?

(A) कामिनी (B) दमयन्ती

(C) आरण्या (D) विलोचन शर्मा

18. शेरा किस कहानी का पात्र है ?

(A) सिक्का बदल गया हैं (B) अमृतसर आ गया

(C) परिंदे (D) पिता

19. ज्ञानरंजन की प्रसिद्ध कहानी कौन-सी है ?

(A) अमृतसर आ गया है (B) तीसरी कसम

(C) सिक्का बदल गया हैं (D) पिता

20. 'तीसरी कसम' किसकी कहानी है ?

(A) फणीश्वरनाथ रेणु (B) भीष्म साहनी

(C) कृष्णा सोबती (D) निर्मलवर्मा

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

**D 32560** (Pages : 3) Name.....................................

Reg. No.................................

# FIRST SEMESTER M.A. DEGREE (REGULAR/SUPPLEMENTARY) EXAMINATION NOVEMBER 2022

(CBCSS)

Hindi

HIN 1C 04—TRANSLATION – THEORY AND PRACTICE

(2019 Admission onwards)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

I. किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए । (100 शब्दों में)

1 'अनुवाद' शब्द की व्युत्पत्ति और अर्थ समझाइए ।

2 सूचना और दूर संचार के क्षेत्रों में अनुवादक को क्या-क्या समस्याएँ होती हैं ?

3 'काव्यानुवाद असंभव है ।' क्या आप इस मत से सहमत हैं ?

4 'लिप्यंतरण' किसे कहते हैं ?

5 'पदबंध' के भेदों को समझाइए ।

6 'अनुवाद' में वाक्य स्तरीय क्या-क्या समस्याएँ होती हैं ?

7 'अनुवाद' को वैज्ञानिक प्रक्रिया क्यों मानी जाती है ?

(4 × 2 = 8 weightage)

II. किन्हीं चार का अनुवाद कीजिए :

8 हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

True education has got four aspects - mental education, physical education, moral education and spiritual education. Mental education qualifies a man by developing his mind through study. In colleges one must be taught how to be healthy. Physical education is very important, because there is a saying that healthy mind lives in a healthy body. Morals make men careful in doing their duty in relation to their environment.

(संकेत – aspects = पहलू, mental = मानसिक, physical = भौतिक, moral = नौतिक, spiritual = आध्यात्मिक, environment = पर्यावरण)

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

Turn over

9 हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

A nations work never ends. Men may come and go. Generations may pass , but the life of nation goes on. We must remember this basic fact that we can achieve little, only if there is peace in the country no matter, what policy we pursue. There are some misguided people who indulge in violence and try to create disorder. I wonder how anybody with the best intelligence can think in terms of such antinational activities. Therefore it is the duty of everyone to help in the maintenance of peace in the country.

(संकेत - basic fact = बुनियादी तथ्य , misguided = गुमराह, indulge = लिप्त, disorder = उपद्रव, antinational = राष्ट्र विरोधी, maintenance = रखरखाव)

10 अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

राष्ट्रीय जीवन में भ्रष्टाचार की चर्चा बार-बार होती है । राजनीतिक दल इससे लडने और इसे खत्म करने का प्रस्ताव पारित करते हैं । पर भ्रष्टाचार के किसी मामले को उसकी तार्किक परिणति तक पहुँचते देखने का भाग्य आम लोगों को शायद ही मिल पाया है । आज़ादी के संघर्ष के दौरान भी यह प्रश्न राष्ट्रीय चेतना को मथना था । उस समय स्वतंत्र भारत को भ्रष्टाचार मुक्त रखने की बात महसूस की जाती थी । महात्मा गाँधी लगातार नेताओं को चेतावनी देते रहते थे कि भ्रष्टाचार से बचे बिना जनता की भलाई नहीं की जा सकती । उन्होंने कहाथा-मंत्रियों और जन प्रतिनिधियों को अपने निजी एवं सार्वजनिक आचरण के प्रति सचेत रहना चाहिए ।

(संकेत - भ्रष्टाचार = corruption, तार्किक परिणति = logical end, चेतावनी = warning, मथना = to churn, जन प्रतिनिधि = public representatives)

11 अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

वर्तमान युग ने वैज्ञानिक क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन उपस्थित किया है । विज्ञान की यह प्रगति जहाँ एक ओर विश्व को शांति और सुख प्रदान करने की क्षमता रखती है वहाँ दूसरी ओर विश्व को विनाश की ओर भी ले जा सकती है । अणुशक्ति से मनुष्य के सुख की वृद्धि हो सकती है और मनुष्य का सर्वनाश भी हो सकता है । वैज्ञानिक उन्नति के साथ ही साथ सहयोग और सह अस्तित्व का महत्व भी मनुष्य अगर न समझ ले तो उस उन्नति के कडुए फल विश्व को भेगने पड़ेंगे । आजकल हम देखते हैं कि विश्व के शक्तिशाली देश छोटे छोटे राज्यों को दबाकर रखना चाहते है । यह प्रवृत्ति अगर वढती जाय तो उपनिवेशवाद पुनः संसार पर अपना प्रभाव डालेगा ।

(संकेत - अणुशक्ति - atomic power, कडुआ = bitter, उपनिवेशवाद = colonialism)

12 हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

1 Abbreviation

2 Embassy.

3 Subscription

4 Acknowledgement.

5 Under Secretary

6 Implementation.

CHMK LIBRARY - UNIVERSITY OF CALICUT

13 अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

1 सूचिपत्र
2 करार
3 अनावर्तीव्यय
4 पदेन
5 निविदा
6 संवाददाता

(4 × 3 = 12 weightage)

III. किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (600 शब्दों में) :

14 'अनुवाद एक सांस्कृतिक सेतु है'। सिद्ध कीजिए ।

15 विषय – वस्तु की दृष्टि से 'अनुवाद के प्रकारों' पर प्रकाश डालिए ।

16 'पारिभाषिक शब्द' किसे कहते है ? पारिभाषिक शब्द-निर्माण कैसे किया जाता है ?

17 अनुवाद – प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालिए ।

(2 × 5 = 10 weightage)

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

**D 32560-A** (Pages : 4) Name.....................................

Reg. No.................................

**FIRST SEMESTER M.A. DEGREE (REGULAR/SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2022**

(CBCSS)

Hindi

HIN 1C 04—TRANSLATION—THEORY AND PRACTICE

(2019 Admission onwards)

[Improvement Candidates need not appear for MCQ Part]

(Multiple Choice Questions for SDE Candidates)

| | | |
|---|---|---|
| **Time : 20 Minutes** | **Total No. of Questions : 20** | **Maximum : 5 Weightage** |

# INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATE

1. This Question Paper carries Multiple Choice Questions from 1 to 20.
2. The candidate should check that the question paper supplied to him/her contains all the 20 questions in serial order.
3. Each question is provided with choices (A), (B), (C) and (D) having one correct answer. Choose the correct answer and enter it in the main answer-book.
4. The MCQ question paper will be supplied after the completion of the descriptive examination.

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

HIN 1C 04—TRANSLATION—THEORY AND PRACTICE

(Multiple Choice Questions for SDE Candidates)

1. वद धातु का अर्थ क्या है ?

(A) बोलना (B) चलना

(C) भाषांतर (D) लिखना

2. भारतीय अनुवाद परिषद कहाँ है ?

(A) मुंबई (B) चेन्नई

(C) कोलकता (D) नई दिल्ली

3. पंक्ति-प्रति-पंक्ति अनुवाद किसे कहते हैं ?

(A) शब्दानुवाद को (B) भावानुवाद को

(C) व्याख्यानुवाद को (D) सारानुवाद को

4. यंत्रानुवाद का सबसे बड़ा लाभ क्या है ?

(A) अनुवादक को स्रोत भाषा का ज्ञान होने की आवश्यकता नहीं।

(B) अनुवादक को लक्ष्य भाषा का ज्ञान होने की आवश्यकता नहीं।

(C) अनुवादक को दोनों भाषाओं में पारंगत होने की आवश्यकता नहीं।

(D) इनमें से कोई नहीं।

5. अनुवाद को कथ्यत: और कथनत: प्रतिप्रतीकन किसने कहा ?

(A) सिडनी (B) भोलानाथ तिवारी

(C) आरसू (D) बैसनेट

6. मूलनिष्ठ अनुवाद किस आधार पर विभाजित है ?

(A) प्रकृति (B) विषय

(C) विधा (D) साहित्य

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

7. सहयोगज अनुवाद या सहयोगसिद्ध अनुवाद किसे कहते हैं ?

(A) मौखिक अनुवाद (B) लिखित अनुवाद

(C) एक व्यक्ति द्वारा किया गया अनुवाद (D) एक दल द्वारा किया गया अनुवाद

8. मुहावरे का अनुवाद कैसे करना चाहिए ?

(A) पूरे मुहावरे का शाब्दिक अनुवाद करना चाहिए ।

(B) पूरे मुहावरे को एक भाषिक इकाई मानकर अनुवाद करना चाहिए ।

(C) मुहावरे का अनुवाद सामान्य शब्दों से करना चाहिए ।

(D) मुहावरे का अनुवाद मात्र विशेष शब्दों से करना चाहिए ।

9. भावानुवाद किस आधार पर विभाजित है ?

(A) विषय (B) प्रकृति

(C) साहित्य (D) भाव

10. निम्न में से विषय के आधार पर अनुवाद का भेद क्या है ?

(A) पत्रकारिता का अनुवाद (B) काव्यानुवाद

(C) कथानुवाद (D) प्रतिकान्तर

11. कौन सा शब्द शब्दानुवाद के लिए प्रयुक्त नहीं है ?

(A) लिटरल ट्रांसलेशन (B) वरबल ट्रांसलेशन

(C) सेंस फॉर सेल्स (D) वर्ड फॉर वर्ड ट्रांसलेशन

12. मुहावरे के अनुवाद के लिए सर्वोतम कौन सा प्रस्ताव है ?

(A) जो भाव की दृष्टि से लगभग समान होता है ।

(B) भाव की दृष्टि से पूर्णतः समान होता है ।

(C) भाव तथा शब्द दोनों की दृष्टि से पूर्णतः समान होता है ।

(D) इनमें से कोई नहीं ।

13. ऐसे शब्दों का नाम बताइए जो सामान्य व्यवहार की भाषा के शब्द न होकर ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के होते हैं ?

(A) सामान्य शब्द (B) पारिभाषिक शब्द

(C) कार्यालय शब्द (D) साहित्यिक शब्द



CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT

14. पारिभाषिक शब्दों को तत्सम तद्भव जैसे भेद किस आधार पर किया है ?

(A) इतिहास के आधार पर (B) साहित्य के आधार पर

(C) सूक्ष्मता-स्थूलता के आधार पर (D) विषय के आधार पर

15. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सी प्रस्तावना पारिभाषिक शब्दों के गुण नहीं है ?

(A) पारिभाषिक शब्द सरल होना चाहिए ।

(B) पारिभाषिक शब्द का अर्थ सुनिश्चित और स्पष्ट होना चाहिए ।

(C) एक पारिभाषिक शब्द का एक ही अर्थ होना चाहिए ।

(D) सामान्य श्रेणी के पारिभाषिक शब्दों में एकरूपता नहीं होनी चाहिए ।

16. नेहरू जी की किताब Discovery of India का हिंदी अनुवाद का नाम क्या है ?

(A) भारत की खोज (B) भारत की कहानी

(C) आज़ादी की कहानी (D) काल और कला

17. संकेत के प्रतीक के स्थान पर भाषा के प्रतीकों का प्रयोग करना किस प्रकार का अनुवाद हैं ?

(A) भाषांतर (B) शब्दांतर

(C) माध्यमांतर (D) भाषानुवाद

18. काव्यानुवाद में काव्य रचना का अनुवाद :

(A) पद्य में हो सकता है (B) गद्य में हो सकता हैं

(C) मुक्त छंद में हो सकता है (D) गद्य, पद्य या मुक्त छंद किसी में भी हो सकता है ।

19. अनुवाद को प्रत्यक्ष और परोक्ष ऐसे दो भेद किसने किया ?

(A) कसाग्राँदे (B) जूलियाना हाउस

(C) कैटफ़ोर्ड (D) मौलाना तिवारी

20. लक्ष्य भाषा का अंग्रेज़ी शब्द क्या है ?

(A) Target Language. (B) Source Language.

(C) Content. (D) Translation.

CHMK LIBRARY, UNIVERSITY OF CALICUT